न्यायालय उपखण्ड अधिकारी केकडी जिला अजमेर

राजस्व प्रार्थना पत्र स0 13 / 2016

1. प्रेम चन्द पुत्र चिरंजीलाल
2. त्रिलोकचन्द पुत्र चिरंजीलाल
3. शशिलता देवी पत्नि चांदमल
4. अजय पुत्र चांदमल

समस्त जाति महाजन निवासी धून्धरी तहसील केकड़ी, जिला अजमेर (राज.)

---प्रार्थी

♠बनाम♠

1. मानीदेवी पत्नि लादूराम
2. मांगीलाल पुत्र लादूराम
3. हीरालाल पुत्र लादूराम
4. नारायण पुत्र लादूराम
5. सुगना पुत्र रामकरण
6. धापू पत्नि माधू
7. कालूराम पुत्र माधू
8. बद्रीलाल पुत्र माधू
9. शैतान पुत्र माधू
10. हीरा पुत्री माधू
11. प्रेम पुत्री माधू
12. मनभर पुत्री माघू
13. सीता पुत्री माधू

समस्त जाति कुम्हार निवासीगण धुन्धरी, तहसील केकड़ी जिला अजमेर (राज)

14. राज. सरकार जरिये तहसीलदार केकड़ी जिला अजमेर।

-----अप्रार्थीगण

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

<u>प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 251-क</u>

पीठासीन अधिकारी : श्री नीरज कुमार मीना (आरएएस)

निर्णय दिनांक 01.05.2018

पत्रावली आज दिनांक लोक अदालत न्याय आपके द्वार 2018 केम्प धून्धरी में पेश हुई। प्रार्थी/अप्रार्थीगण उपस्थित । उभय पक्षों को सुना गया, संक्षेप में विवरण निम्नानुसार है। प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251-क आरटीएक्ट के तहत पेश कर निवेदन किया है कि वादग्रस्त आराजी वाके **ग्राम धून्धरी तहसील केकड़ी** की जमाबन्दी संवत 2069-2072 के खाता संख्या 345 में दर्ज **खसरा नम्बर 1634 रकबा 0.24 है. किस्म चाही उत्तम, ख.नं. 1730 रकबा 1.11 है. किस्म चाही उत्तम, खाता संख्या 346 ख.नं. 1653 रकबा 0.25 है. किस्म चाही उत्तम, ख.नं. 1731 रकबा 1.13 है. किस्म चाही उत्तम भूमि** दर्ज है।

प्रार्थीगण द्वारा खाता संख्या 455 ख.नं. 1656 रकबा 0.36 है. एवं खाता संख्या 454 ख.नं. 1654 रकबा 0.05 है. ख.नं. 1655 रकबा 0.03 है. जो अप्रार्थीगण मानी देवी पत्नि लादूराम कुम्हार वगै. के नाम अंकन है। प्रार्थीगण द्वारा अप्रार्थीगण की आराजीयात में से रास्ता चाहा गया है।

अतः उक्त वादग्रस्त आराजी का तहसीदार केकडी ,भूअभि.निरी. पारा व पटवारी हल्का धून्धरी से प्राप्त मौका रिपोर्ट अनुसार ग्राम धून्धरी के खसरा नम्बर 1653, 1730, 1731, 1634 के मौके जांच अनुसार खसरा नम्बर 1653,1730,1731 में जाने के लिए खसरा नम्बर 1580 टांकावास रोड से लगायत खसरा नम्बर 1738 है जो कि जमाबन्दी संवत 2069–72 अनुसार सोहनी पत्नि छीतर, शंकर, कैलाश पुत्र छीतर वगै. के नाम दर्ज है। मौके पर उक्त खसरा नम्बर 1738 का सम्पूर्ण रकबा 0.09 है. रास्ते के रूप में उपयोग में आ रहा है। उक्त खसरा नम्बर 1653,1730,1731 में जाने हेतु अन्य कोई निकटतम कटानी रास्ता नही है। पूर्व के मौका पर्चा अनुसार (03.05.2017) खसरा नम्बर 1634 का वादीगण द्वारा बैचान कर देने से प्रार्थी को आगे के रास्ते की आवश्यकता नही है।

अतः प्रस्तुत **मौका पर्चा रिपोर्ट तहसीलदार केकड़ी, भू.अ. निरी. एवं पटवारी हल्का धून्धरी दिनांक 01.05.2018 अनुसार वाद** वर्णित आराजी वाके **ग्राम धून्धरी तहसील केकड़ी** की खसरा नम्बर 1634 का वादीगण द्वारा बैचान कर देने से खसरानम्बर 1634 को छोडकर खसरा नम्बर 1653,1730,1731 में जाने हेतु जमाबन्दी संवत **2069 से 2072** के खाता संख्या 709 में दर्ज **खसरा नम्बर 1738 रकबा 0.09 है. किस्म बारानी उत्तम जो कि वर्तमान में रास्ते के उपयोग में आये जाने से** ***रास्ता दर्ज करने हेतु प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है । प्रार्थी को उक्त खसरा नम्बर 1738 रकबा 0.09 है में रास्ते हेतु डीएलसी दर 2,30,000 / है. से रकबा 0.09 के 20700 X 2 = 41400 रूपये बनते है। । तहसीलदार केकड़ी को निर्णय की प्रति पालना हेतु पृथक से लिखा जाकर प्रार्थी से डीएलसी दर अनुसार राशि जमा राजकोष कर निर्णय की पालना करें।***

आदेश आज दिनांक 1.5.2018 को पृथक से लिखा जाकर लोक अदालत न्याय आपके द्वार **केम्प धुन्धरी** में मजमें आम में सुनाया गया व शामिल पत्रावली किया गया ।

उपखण्डअधिकारी
केकडी